# साहित्य अकादमी ने निकाली 'एक देश एक धड़कन' तिरंगा यात्रा

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: साहित्य अकादमी ने शनिवार को केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय के 'एक देश एक धड़कन' अभियान के तहत काव्य संध्या का आयोजन किया। इस अवसर पर लक्ष्मी शंकर वाजपेयी, सरिता शर्मा, इंद्रजीत सुकुमार और तहसीन मुनव्वर जैसे प्रतिष्ठित कवियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रचनाओं की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में तहसीन मुनव्वर ने अपने जोशीले शेरों से माहौल देशभक्ति से भर दिया। इंद्रजीत सुकुमार ने सस्वर भावुक गीत प्रस्तुत किया, जबकि सरिता शर्मा ने शहीद सैनिक की पत्नी की मनःस्थिति को मार्मिक रूप से प्रस्तुत किया। लक्ष्मी शंकर वाजपेयी ने 'ए वतन के शहीदों नमन' जैसे गीतों से श्रोताओं की भावनाएं झकझोर दीं। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र कुमार देवेश ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार बीएल गौड़ ने की। कार्यक्रम से पूर्व साहित्य अकादमी परिसर में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें विभिन्न भाषाओं के साहित्यकारों, साहित्य प्रेमियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।



एक देश एक धड़कन तिरंगा यात्रा निकालते साहित्य अकादमी के सदस्य • आयोजक